कैलगरी 9-1-1

एमर्जेंसी कॉलें

9-1-1 केवल एमर्जेंसियों के लिए है।

यदि आपको पुलिस, फायर या एम्बुलेंस से तत्काल सहायता की आवश्यकता हो तो 9-1-1 पर कॉल करें।

9-1-1 पर कब कॉल करें, इसके उदाहरण:

आपको या किसी और को **जीवन के लिए खतरा होने वाली एमर्जेंसी** है, जिस के लिए एम्बुलेंस की आवश्यकता है, जैसे कि सीने में दर्द, गंभीर रक्तस्राव या सांस लेने में परेशानी।



आप **आग** देखते हैं, **धुआँ सूंघते** हैं या आपका **कार्बन मोनोऑक्साइड अलार्म बजने लगता है**।



आप एक **अपराध होता हुआ** देखते हैं, जैसे कि ताला तोड़ कर अंदर घुसना, जानबूझ कर माल की हानि करना, अपहरण या हमला।



आप या कोई अन्य व्यक्ति **मोटर वाहन दुर्घटना में घायल हो गया है**।



आप किसी ऐसे व्यक्ति को देखते हैं जो **खतरनाक तरीके से गाड़ी चला रहा है**।



आप **बिजली की गिरी हुई तार** देखते हैं, **गैस सूंघते हैं**, या **खतरनाक सामग्री गिरी हुई है**, **दूषण** या **विषाक्तता** है।

यदि आप गलती से 9-1-1 को फोन कर देते हैं, तो कृपया लाइन पर रहें और एमर्जेंसी कम्यूनिकेशन्ज़ अफसर को बताएं कि आपने गलती से फोन कर दिया है। यदि आप फोन काट देते हैं, तो हमें आपको वापस कॉल करना पड़ेगा और इससे किसी ऐसे व्यक्ति के लिए लाइन व्यस्त हो सकती है जिसे वास्तव में उसकी आवश्यकता है।

गैर-एमर्जेंसी कॉलें

9-1-1 उन पुलिस, फायर, या मेडिकल एमर्जेंसियों के लिए है जिसमें तत्काल सहायता की आवश्यकता होती है। **यदि आपको सहायता की आवश्यकता है, लेकिन कोई एमर्जेंसी नहीं है, तो कृपया 9-1-1 पर फोन न करें।** आपकी सहायता के लिए अन्य संसाधन उपलब्ध हैं।

पुलिस गैर-एमर्जेंसी

गैर-एमर्जेंसी सार्वजनिक सुरक्षा मामलों और ना हो रहे अपराधों (जैसे, गुम या चोरी हुई संपत्ति, बिना चोट वाली दुर्घटनाओं, ताला तोड़ कर अंदर घुसने, ग्रैफिटी, धोखाधड़ी, आदि) के लिए, **पुलिस की गैर-एमर्जेंसी लाइन को 403-266-1234 पर कॉल करें। कुछ पुलिस रिपोर्टें calgary.ca/cps पर ऑनलाइन भी दर्ज की जा सकती हैं।**

गैर-एमर्जेंसी मेडिकल स्थितियां

हेल्थलिंक को 811 पर कॉल करें या स्वास्थ्य सलाह या जानकारी के लिए **Myhealth.Alberta.ca पर जाएं।**

सामुदायिक समर्थन और संसाधन

समुदाय में कार्यक्रमों, सेवाओं और संसाधनों (जैसे मानसिक स्वास्थ्य और व्यसन सहायता, भोजन और बुनियादी जरूरतें, सामाजिक संसाधनों तक पहुंच, आदि) से जुड़ने के लिए **211 पर कॉल या टेक्स्ट करें या ab.211.ca पर जाएं।**

सिटी सेवाएँ और उपनियम

सिटी की सेवाओं और उपनियमों के बारे में जानकारी के लिए **311 पर कॉल करें या calgary.ca/311 पर जाएं।**

फायर गैर-एमर्जेंसी

गैर-एमर्जेंसी फायर जानकारी के लिए **311 पर कॉल करें या calgary.ca/fire पर जाएं।**

9-1-1 पर कॉल करने के लिए सुझाव

- **जब आप 9-1-1 पर कॉल करते हैं, तो एमर्जेंसी कम्यूनिकेशन्ज़ अफसर आप से एमर्जेंसी के बारे में विस्तृत जानकारी पूछेगा।** यह उन्हें यथाशीघ्र घटनास्थल पर सही एमर्जेंसी सेवाएं को भेजने में सहायता करेगा।
- **यदि आप पते के बारे में निश्चित नहीं हैं, या आप बाहर हैं, तो आस-पास के चौराहों, इमारतों के नामों, व्यवसायों या लैंडमार्कों पर ध्यान दें, जो आपको ढूंढने में फर्स्ट रिस्पांडरों की मदद कर सकते हैं।**
- **शांत रहने, स्पष्ट बोलने और निर्देशों का पालन करने का प्रयास करें।**
- याद रखें कि जब एमर्जेंसी कम्यूनिकेशन्ज़ अफसर प्रश्न पूछ रहा होता है, तो वह उन **आने वाले फर्स्ट रिस्पांडरों को जानकारी भी प्रदान कर रहे होते हैं** जो रास्ते में हैं।
- एमर्जेंसी कम्यूनिकेशन्ज़ अफसर के साथ कृपया लाइन पर बने रहें जब तक वे आपसे फौन काट देने के लिए न कहें।

यदि आप निश्चित नहीं हैं कि आपकी स्थिति एमर्जेंसी है या नहीं, तो 9-1-1 पर कॉल करें। सुरक्षित रहना और एमर्जेंसी कम्यूनिकेशन्ज़ अफसर को यह निर्धारित करने देना बेहतर है कि आपको एमर्जेंसी सहायता की आवश्यकता है या नहीं।

अधिक जानकारी के लिए, **calgary.ca/911** पर जाएं।

24-0036814 CRV-32289